दिनांक 02.09.2022 को वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून की सम्पन्न हुई "विद्या परिषद्" की 12 वीं बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 02.09.2022 को मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय, देहरादून के कॉन्फ्रेन्स हाल में विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 12 वीं बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नॉकित मा0 सदस्यगण एवं अन्य आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे।

(1) कुलपति, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, —अध्यक्ष
(ख) विश्वविद्यालय के ऐसे पांच प्राचार्य जो कार्यपरिषद् के सदस्य न हो:
(2) डॉ0 आर0पी0एस0 गंगवार, निदेशक डब्लू.आई.टी.। —सदस्य
(3) डॉ0 सतेन्द्र सिंह, निदेशक,बी0टी0के0आई0टी0 द्वाराहाट । —सदस्य
(4) डॉ हरप्रीत सिंह ग्रेवाल निदेशक,डी.बी.एस. कालेज देहरादून। —सदस्य
(5) डॉ0 अमित बन्सल, निदेशक जे.बी.आई.टी कालेज देहरादून। —सदस्य
(6) डॉ0 अभय कुमार शर्मा, निदेशक बी.आई.एस भीमताल । —सदस्य
(घ) गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट उस विश्वविद्यालय का एक विभागाध्यक्ष।
(7) डॉ0 अलक नन्दा अशोक, डीन कालेज ऑफ टेक्नॉलोजी पन्तनगर —सदस्य
(ड) कुलसचिव वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, —पदेन सचिव
(अ) परीक्षा नियंत्रक, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, — आंमत्रित सदस्य
(ब) वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, — आंमत्रित सदस्य
(स) श्री सुनील कुमार , परीक्षा विभाग। — आंमत्रित सदस्य
(द) डॉ0 विशाल रमोला,फैकल्टी ऑफ टेक्नालोजी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय — आंमत्रित सदस्य

सर्वप्रथम बैठक प्रारम्भ करने से पूर्व कुलसचिव द्वारा विद्या परिषद् के नामित सदस्यों का स्वागत किया गया। मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षिक, गतिविधियों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 का कियान्वयन इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारभ करने एवं तदनुसार विभिन्न पाठयक्रमों हेतु आर्डिनेन्श तथा पाठयचर्या में किये गये संशोधन एवं उससे इंजीनियरिंग स्नातकों को प्राप्त होने वाले लाभ तथा रोजगार के अवसरो में बृद्धि इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला । तदोपरान्त कुलसचिव द्वारा मा0 सदस्यों के समक्ष एजेण्डा प्रस्तुत किया गया, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:—

बिन्दु सं0—12.01

(क) विद्या परिष्द की 11वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया । (संलग्नक-01)।

(ख) विद्या परिषद की दिनांक 30—04—2022 को संपन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में कृत कार्यवाही की सूचना दी गयी। कृत कार्यवाही पर मा0 सदस्यों द्वारा सतोष व्यक्त किया गया ।

बिन्दु संख्या:—12.02

शैक्षणिक सत्र 2022—23 हेतु आयोजित काउसिंलिंग 2022 के माध्यम से प्रवेश इत्यादि की स्थिति से माननीय सदस्यों के अवगतनार्थ।

प्रस्ताव:— (क) **B Tech 2nd Year (Lateral Entry), B Pharma Ist & 2nd Year (Lateral Entry), BHMCT, M.Tech, M.Pharm, MBA, MCA, BA.LLB, BBA.LLB, LLB, LLM, PHARM.D.** में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग निम्न कार्यक्रमानुसार आयोजित की गयी:—

Counselling Phase	Period of Counselling Fee Deposition, Online registration and Choice filling	Seat Allotment Date	Date of Reporting in Allotted institutions by the candidate's
प्रथम चरण	12 अगस्त 2022 से 16 अगस्त 2022 तक	19 अगस्त 2022	22 अगस्त 2022 से 24 अगस्त 2022
द्वितीय चरण	26 अगस्त 2022 से 28 अगस्त 2022 तक	29 अगस्त 2022	30 अगस्त 2022 से 02 सितम्बर 2022 त
SPOT Counseling दिनांक 3 सितम्बर 2022 से दिनांक 13 सितम्बर 2022 के मध्य संस्था द्वारा निर्धारित तिथि पर			

सीट आंवटन :–

SN	COURSE	INTAKE FOR COUNSELING			FIRST ROUND				SECOND ROUND			
					FILL CHOICE	ALLOTTED			FILL CHOICE	ALLOTTED		
		GOVT	PVT	TOTAL		GOVT	PVT	TOTAL		GOVT	PVT	TOTAL
1	B.TECH 2ND YEAR	1311	1865	3176	620	433	47	480	381	135	82	217
2	B.PHARM 2ND YEAR	0	134	134	16	0	16	16	15	0	7	7
3	B.PHARM IST YEAR	0	1136	1136	41	0	41	41	7	0	15	15
4	BHMCT IST YEAR	190	171	361	107	73	2	75	46	22	2	24
5	MTECH IST YEAR	325	196	521	19	18	1	19	8	7	1	8
6	MPHARM IST YEAR	12	189	201	5	4	1	5	3	2	1	3
7	MBA IST YEAR	120	1615	1735	0	0	0	0	1	1	0	1
8	MCA IST YEAR	90	169	259	14	12	2	14	10	8	1	9
9	PHARM D IST YEAR	0	26	26	0	0	0	0	0	0	0	0
10	BALLB/BBALLB IST YEAR	0	770	770	0	0	0	0	0	0	0	0
11	LLB IST YEAR	0	609	609	0	0	0	0	0	0	0	0
12	LLM IST YEAR	0	338	338	0	0	0	0	0	0	0	0
	TOTAL	2048	7218	9266	822	540	110	650	471	175	109	284

(ख) बी0टेक0 प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये विगत वर्षों की भॉति इस वर्ष भी एन0आई0सी0 के सहयोग से ऑनलाईन काउंसिलिंग का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है:–

Counselling Phase	Period of Counselling Fee Deposition, Online registration and Choice filling	Seat Allotment Date	Date of Reporting in Allotted institutions candidate's
प्रथम चरण	5 सितम्बर 2022 से 8 सितम्बर 2022 तक	12 सितम्बर 2022	13 सितम्बर 2022 से 17 सितम्बर 2022 तक
द्वितीय चरण	20 सितम्बर 2022 से 23 सितम्बर 2022 तक	27 सितम्बर 2022	28 सितम्बर 2022 से 01 अक्टूबर 2022 तक
SPOT Counseling दिनांक 3 अक्टूबर 2022 से दिनांक 13 अक्टूबर 2022 के मध्य संस्था द्वारा निर्धारित तिथि पर प्रस्तावित			

विनिश्चय :–12.02 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रवेश हेतु की गयी कार्यवाही तथा बी0टेक0 पाठयक्रमों की आगामी प्रस्तावित ऑन लाइन काउसिंलिंग तथा अन्य सभी पाठयक्रमों हेतु स्पोर्ट काउसिंलिंग के प्रस्तावित समय सारणी का संज्ञान लेते हुए कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं प्रवेश बढाने हेतु डिजिटल माध्यमों से अधिकतम प्रचार–प्रसार करने हेतु सुझाव दिए गये।

बिन्दु संख्याः–12.03

सम सेमेस्टर परीक्षा 2022 के परिणामों एवं शैक्षणिक कैलेंडर की सूचना।

प्रस्तावः– सम–सेमेस्टर परीक्षा–2022 का सफल आयोजन माह जून –जुलाई 2022 के मध्य समस्त संस्थानों में किया गया। सम–समेस्टर परीक्षाओं का परीक्षाफल माह अगस्त 2022 में घोषित कर समस्त संस्थानों को उपलब्ध करा दिया गया है। जिसका विवरण पटल पर परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुत है साथ ही शैक्षणिक कैलेंडर 2022–23 अवगतनार्थ पटल पर प्रस्तुत है।

विनिश्चय :–12.03 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों को परीक्षा नियंत्रक द्वारा अद्यतन घोषित परीक्षाफलों के बार में अवगत कराया गया मा0 सदस्यों द्वारा बैक पेपर इत्यादि के अवशेष परीक्षा परिणामों को अतिशीघ्र घोषित करने के साथ–साथ, सीमित संसाधनों के बीच विश्वविद्यालय द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ करने के पूर्व छात्रों के परीक्षा परिणामों को समय से घोषित करने के लिए मा0 कुलपति महोदय एवं विश्वविद्यालय की टीम को उनके प्रयासों हेतु सराहना की गयी। बैठक में अवगत कराया गया कि शैक्षणिक कलैण्डर के अनुसार गतिविधिया प्रारम्भ कर दी गयी है जिसका मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। डॉ अलकनन्दा अशोक द्वारा संबंधित बिन्दु पर द्वितीय काउसिंलिंग/स्पोर्ट काउसिंलिंग से प्रवेशित छात्रों की छूटी हुई पाठयचर्या के पृच्छा के क्रम कुल सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि सभी संस्थानों को यह निर्देशित कर दिया गया है कि इस प्रकार से प्रवेशित छात्र–छात्राओं की पाठयचर्या अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पूर्ण की जाए जिस पर मा0 सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.04

शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु विभिन्न संस्थाओं के संबंद्धता की स्थिति मा0 सदस्यों को अवगतनार्थ एवं परिचर्चा।

प्रस्ताव– शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु विभिन्न संस्थाओं के सम्बद्धता हेतु ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये गये। आवेदन दिनांक 15–07–2022 से दिनांक

19–08–2022 के मध्य आमंत्रित किये गये। अंतिम तिथि तक 63 संस्थानों के द्वारा पोर्टल पर डेटा अपलोड किया गया। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों की सम्बद्धता विषयक समय–सारिणी को माननीय कुलाधिपति महोदय के कार्यालय द्वारा 18 अगस्त 2022 को जारी किया गया है तद्नुसार संलग्न समय–सारिणी का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

संलग्नक–02

विनिश्चय :–12.04 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों के द्वारा संबंद्धता हेतु ऑन लाईन कार्यवाही के क्रम में विश्वविद्यालय की सराहना व्यक्त की गयी डॉ अलकनन्दा अशोक द्वारा सुझाव दिया गया कि संबंद्धता निरीक्षण हेतु गठित निरीक्षण समिति के सदस्यों के नामों में परिवर्तन समिति के पूर्व निर्धारित सदस्यों के न आने के संबंध में लिखित सूचना/दूरभाष सूचना प्राप्त होने पर ही किया जाए इस संबंध में पूर्व में भी विश्वविद्यालय की यही प्रकिया अपनायी जाती रही है तथा भविष्य में भी मा0 सदस्या के सुझाव पर अमल किया जायेगा जिस पर सभी मा0 सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्याः–12.05

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कियान्वयन एवं च्वाइंस बेस्ड केडिट सिस्टम लागू करने के लिए विभिन्न पाठयक्रमों के आर्डिनेन्स हेतु संशोधन किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन।

प्रस्ताव– विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शैक्षणिक सत्र 2022–23 से पाठ्यक्रमों में लागू करने के उद्देश्य से समस्त पाठ्यक्रमों के आर्डिनेन्सों को संशोधित कर लिया गया है। संशोधित आर्डिनेन्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के अनुसार तैयार किये गये हैं एवं आर्डिनेन्सों में निम्नवत उद्देश्यों का विशेष ध्यान रखा गया है:–

- आर्डिनेन्स में उद्योगों की मांग के अनुरूप पाठयचर्या रोजगारपरक बनाये जाने हेतु आवश्यक शंशोधन किया गया है।
- आर्डिनेन्स में Choice Based Credit System (CBCS) का समावेश किया गया है।
- आर्डिनेन्स में Major & Minor विषयों को रखा गया है। जिससे छात्र–छात्राओं को अपने कोर्स/पाठयक्रमो के साथ–साथ अन्य विषयों की भी जानकारी अर्जित हो सके एवं उनके रोजगार के अवसर में वृद्धि हो।

- आर्डिनेन्स में प्रत्येक सेमेस्टर में Slow Learner व Fast Learner हेतु Minimum Credit & Maximum Credit Points को भी निर्धारित किया गया है। जैसे **B.Tech** में एक छात्र एक सेमेस्टर में न्यूनतम 18 एवं अधिकतम 26 Credit Points को अर्जित कर सकता है। इस प्रकार छात्रों के मध्य प्रतिस्पर्धा भी होगी एवं किसी भी कक्षा में Slow Learner & Fast Learner को अपनी क्षमतानुसार पाठ्यक्रम के अध्ययन का अवसर उपलब्ध हो सकेगा।
- एम0टेक0 पाठ्यक्रम 2 वर्षों का है किन्तु बी0टेक में आवश्यक Credit Points अर्जित करने पर निर्धारित प्रतिबंधो के अन्तर्गत छात्र को एक वर्ष में ही एम0टेक की डिग्री प्राप्त करने का प्रावधान रखा गया है।
- सभी पाठयक्रमों के सुचारू संचालन एवं छात्रों के अध्ययन–अध्यापन के पर्यवेक्षण हेतु Course Committee एवं Class Committee का गठन किया गया है।
- उपरोक्त के अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यक्रमों में संशोधित आर्डिनेन्स के कतिपय मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं:–

➢ इंजीनियरिंग (Engineering) पाठ्यक्रम

1. Students may opt MOOCs Courses up to maximum 20 credits.
2. Flexibility in promotion policies.
3. Summer Semester System.
4. Multidisciplinary System.
5. Exit System after 2nd Year.
6. Up-gradation in award & ranks added overall topper-chancellor gold medal.
7. ERP Based system on Registration/enrollment and Academic Progression System.
8. Options for adding and dropping courses.
9. Multidisciplinary -Option for opting courses in a particular semester limited to maximum 2 additional courses.

➢ विधि (Law) पाठ्यक्रम

1. Introducing optional Minor Subject group for B.A.LL.B/B.B.A, LL.B and LL.B. There are 5 groups having 5 subjects which can be opted from the second year of the course.
2. Introducing Six more new specialization groups for LL.M
3. Introducing a new evaluation scheme for LL.M Dissertation. Now dissertation can be evaluated only after the publication/ communication/presentation of a

research paper based on the dissertationin UGC CARE/SCOPUS indexed journal and a soft copy of the dissertation will be submitted to the University.

4. Introducing uniformity in subject contents. All contents of the subjects have been divided into 5 Module and allotted Lecture Hours as per the requirement of Credits of the Subjects
5. Introducing an amendment to the evaluation scheme for the clinical courses (Professional Ethics, ADR, Drafting Pleading etc) 50 per cent theory and 50 per cent practical training-based evaluation followed by viva voce.
6. Introducing new contents in the syllabus based on the latest legislation ie Consumer Protection Act 2019, Muslim Woman (Protection of Right on Marriage) Act 2019, Juvenile Justice (Amendment) Act, 2021, Motor Vehicle (Amendment) Act, 2019 etc.
7. Introducing internal optional subjects for LL.B course ie there will be an option to opt for Legal and Constitutional History or Law of Taxation in the Second semester. There will be another option provided for last semester also.

➢ फार्मेसी (Pharmacy) पाठ्यक्रम

1. University has adopted the regulations and syllabus of Pharmacy council of India in the Pharmacy programs B.Pharm, M.Pharm and Pharm.D.
2. Few Non-Credit Pharmacy Certificate Courses are added in B.Pharm 4th year (7th and 8th Semester) to provide industrial training to the students in the Pharmaceutical Industries and sharpen their skills from industrial point of view which are as follows:
   >>Pharmaceutical Management
   >>Pharmaceutical Quality Control
   >>Drug Regulatory Affairs
3. The duration of training is of complete one year in the industry.

➢ प्रबन्धन (MBA) पाठ्यक्रम

1. The MBA curriculum has been converted to allotted credit & cumulative credit based for full time, part time and integrated MBA Programmes.
2. The student is allowed to go to next semester by completing the credits allotted for that semester.
3. Exit policy at the end of one year is now allowed to the student & university will provide them a Post Graduate Certificate in Management (PGCM).
4. New Subjects have been introduced as per need of present and future.

➢ होटल प्रबन्धन (BHMCT/MHM) पाठ्यक्रम

1. The Syllabus of 04 year UG course BHMCT (Bachelor of Hotel Management & Catering Technology) & BHM(Bachelor of Hotl Management) and 02 year PG course MHM (Master of Hotel Management) is designed while considering National Education Policy- 2020.
2. The curriculum structure of 04 year UG course is having Total of 188 credits and for 02 year PG course MHM (Masters of Hotel Management is having total of 84 credits.
3. There is provision of Industrial Exposure in UG course in Fourth and Eight semester and for MHM it is given in 4th semester to make student skillful in particular department.
4. There is a provision of compulsory one week Industrial Visit in the first year of UG course as well as PG course as the part of Student Induction Programme.
5. Minor degree in Travel and Tourism along with 04 year undergraduate programme which would be of total 18 credits (3 credit course in each semester except 4th and 8th semester which is devoted for Industrial exposure).
6. Student can take lateral entry in the second year of MHM after completing the bridge course of 20 credit which is given in the 8th semester of UG Course given in the ordinance.

   उपरोक्तानुसार इंगित मुख्य संशोधनो के साथ समस्त पाठयक्रमों के नये आर्डिनेन्स माननीय सदस्यों के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चय :–12.05 मा0 कुलपति महोदय द्वारा अर्डिनेन्स में किये गये संशोधनों बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। तद्नुसार व्यापक विचार बिमर्श करते हुए मा0 सदस्यों द्वारा विभिन्न पाठयक्रमों के अर्डिनेन्श में किये गये संशोधनों पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया। Multidisciplinary प्रकिया के बारे में मा0 सदस्यों द्वारा की गयी पृच्छा के बारे में अवगत कराया गया कि अर्डिनेन्स में Multidisciplinary की व्यवस्था Inter Disciplinary विषयों के अध्यापन की सुविधा देने के माध्यम से की गयी है एवं प्रत्येक प्रोग्राम हेतु eligibility criteria संबधित नियामक संस्थाओं के अनुसार ही रखा गया है जिस पर सभी मा0 सदस्यों द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

बिन्दु संख्याः–12.06

संशोधित ऑडिनेन्स के अनुसार विभिन्न पाठयक्रमों हेतु बी0ओ0एस0 **(B.O.S.)** द्वार प्रस्तावित नवीन पाठयचर्या का अनुमोदन।

प्रस्ताव– संशोधित आर्डिनेन्स के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु नियमानुसार **Board of Studies (B.O.S.)** का गठन कर **(BOS)** द्वारा दिनांक 16 अगस्त 2022 से दिनांक 31 अगस्त 2022 के मध्य बैठके आयोजित कर नये पाठयक्रमों को प्रथम वर्ष हेतु तैयार किया गया है जो कि पटल पर प्रस्तुत है। जिसकी प्रतियॉ सम्मानित सदस्यो के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। शेष वर्षो के लिये प्रभावी किये जाने वाले विषयों के पाठयक्रम आने वाले समय में तैयार किया जायेगा।

विनिश्चय :–12.06 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा संशोधित ऑडिनेन्स के अनुसार विभिन्न पाठयक्रमों हेतु बी0ओ0एस0 **(B.O.S.)** द्वारा तैयार की गयी नवीन पाठयचर्या का अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.07

ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा सत्र 2022–23 से निम्न एम0बी0ए0 पाठयक्रमों को संचालन हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 से अनुमोदन प्राप्त हुआ है के सम्बंध में माननीय सदस्यों को अवगतनार्थ। तथा इन पाठयक्रमो के संचालन हेतु फैक्लटी के रखने उनके मानदेय तथा फैक्लटी के चयन हेतु स्क्रनिंग समिति एवं चयन समिति के गठन हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– 05 मई 2022 को कार्य परिषद् की 11वीं बैठक में विश्वविद्यालय में संचालित होने वाले निम्न MBA पाठयक्रमों के संचालन हेतु अनुमोदन प्राप्त हो चुका है एवं विश्वविद्यालय स्तर पर भूमि,भवन, साज–सज्जा फैक्लटी आदि की नियमानुसार व्यवस्था करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त के क्रम में वर्तमान सत्र में एम0बी0ए0 पाठयक्रम संचालन एवं प्रारम्भ में क्रमांक 01 पर अंकित पाठयक्रम हेतु (02शैक्षिक स्टाफ)01 असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं 01एसोसिएट प्रोफेसर एवं क्रमांक 03 पर अंकित विषय हेतु (02शैक्षिक स्टाफ)01 असिस्टेन्ट प्रोफेसर एवं 01एसोसिएट प्रोफेसर स्टाफ रखने हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 के नियमानुसार चयन समिति के माध्यम से संविदा के आधार पर रू0–35,000–00 हजार अस्सिटेन्ट प्रोफेसर तथा रू0–50,000–00 हजार एसोसिएट प्रोफेसर को रखे जाने तथा वार्षिक आधार पर 50,000–00 हजार एम0बी0ए0 रेगुलर एवं 50,000–00 एम0बी0ए0 पार्ट टाईम के शिक्षण शुल्क निर्धारण हेतु अनुमोदन।

S.No	MBA Course	Intake	Regular/Part Time
1	Finance Marketing &Human Resource Management	60	Regular
2	Finance Marketing &Human Resource Management	30	Part time
3	Digital Marketing	60	Regular

विनिश्चय :–12.07 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तावित प्रवेश क्षमता के सापेक्ष एम0बी0ए0 पाठयक्रमों संचालन एवं तद्नुसार प्रत्येक पाठयक्रम हेतु एक– एक असिस्टेन्ट प्रोफेसर एक–एक एसोसिएट प्रोफेसरों को संविदा पर रखे जाने हेतु असिस्टेन्ट प्रोफेसर को रू 35000 हजार मानदेय एवं एसोसिएट प्रोफेसरों रू0 50000 हजार मानदेय प्रतिमाह प्रदान करने के अतिरिक्त एम0बी0ए0 रेगुलर एम0बी0ए0 पार्ट टाईम हेतु प्रस्तावित रू.50,000.00 हजार वर्षिक शिक्षण शुल्क निर्धारण करने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.08

विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यो को ऑन–लाईन करने हेतु ई0आर0पी0 यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम निर्माण हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– विश्वविद्यालय में वर्तमान में संचालित पाठ्यक्रमों के अनुमोदन, सम्बद्धता, शैक्षणिक प्रबन्धन, ई–गवर्नेस, कार्यालयी प्रक्रियाओं की ट्रैकिंग, मा0न्यायालयों में वाद पर कार्यवाही, वित्तीय प्रबन्धन एवं छात्रों के पंजीकरण, Choice Based Credit प्रणाली लागू करना,उपस्थिति का संग्रहीकरण,शिक्षकों का Data base, परीक्षा फार्म, परीक्षा केन्द्रो का नियंत्रण On screen डिजिटल मूल्यांकन, कॉलेज लॉगइन, छात्र लॉगइन, शिक्षक लॉगइन, विश्वविद्यालय लॉगइन, डिजिटल स्वरूप में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा निर्माण से पूर्व संबंधित छात्रों को डिजिटल स्वरूप में मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा निर्माण से पूर्व संबंधित छात्रों को डिजिटल स्वरूप में अवलोकित कराये जाने की व्यवस्था, Digitally Encrypted स्वरूप में प्रश्न पत्रों का परीक्षा केन्द्रों पर प्रेषण, ऑनलाइन परीक्षार्थियों की उपस्थिति का संग्रहीकरण, परीक्षाफल निर्माण, परीक्षाफल की घोषणा, छात्रों हेतु Help Desk की सुविधा, ऑनलाइन मार्कसीट, प्रोविजनल डिग्री सर्टिफिकेट, माइग्रेशन, डिग्री प्रिंटिंग जैसी सुविधाओं के साथ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, वित्तीय, शैक्षणिक व परीक्षा संबंधी दायित्वों का समग्रता से डिजिटलीकरण करने की नितान्त आवश्यकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा सभी गतिविधियों के सुचारू व समयबद्ध निष्पादन हेतु ई0आर0पी0 प्रणाली स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है ताकि विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों व संस्थानों से संबंधित गतिविधियों में पारदर्शिता व गुणवत्ता का समावेश किया जा सके। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समग्र रूप से **"यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम"** बनाये जाने से आगामी परीक्षाओं, परीक्षाफलों व परीक्षा संबंधी अभिलेखों का त्वरित व प्रभावी सम्पादन हो सकेगा। अतः प्रस्ताव है कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के डिजिटलीकरण हेतु समग्रता से तैयार ई0आर0पी0यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम तैयार करने पर विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान करने का कष्ट करें।

विनिश्चय :–12.08 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित ई0आर0पी0 कार्य करने के साथ–साथ विश्वविद्यालय द्वारा समग्र रूप से **"यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम"** बनाये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मा0 सदस्यों द्वारा ई0आर0पी0 में Parents input से Related Module भी समिल्लित किये जाने पर अपने सुझाव दिए गये।

बिन्दु संख्याः–12.09

विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्रों को विदेशी भाषओं का ज्ञान देने हेतु अध्यापन कराये जाने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाये जाने हेतु ऐसा महसूस किया गया है कि यदि तकनीकी छात्रों को कतिपय विदेशी भाषाओं यथा–फ्रेंच, जर्मनी, जापानी, स्पेनीज व चाइनीज में से किसी एक अथवा कई का वांछित ज्ञान दिया जायेगा तो उनके रोजगार के नये अवसर उपलब्ध हो सकेंगें।

अतः विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्रों को विदेशी भाषाओं का ज्ञान दिलाये जाने हेतु इन भाषाओं के अध्यापन कराने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों से Online Language Proficiency Certification हेतु कार्यवाही सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।

माननीय सदस्यों के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ ।

विनिश्चय :–12.09 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति देते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.10

शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु पी0एच0डी0 प्रवेश एवं परीक्षा हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– सत्र 2022–23 में विभिन्न पाठयक्रमों हेतु पी0एच0डी0 आर्डिनेन्स 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय एवं उसके संबद्ध संस्थानों में कार्यरत प्रोफेसर, एसोसियेट प्रोफेसर व अस्सिटेन्ट प्रोफेसर के मार्गदर्शन में यू0जी0सी के नॉर्मस के अनुसार निर्धारित रिक्त सीटों शोध पर्यवेक्षकों की अर्हता एवं Identified Problems में शोध छात्रों द्वारा पी0एच0डी0 कराये जाने के सम्बंध में दिनांक 07–07–2022 को माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में पी0एच0डी0 प्रवेश परीक्षा आयोजित करने एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करने आदि हेतु सम्पन्न बैठक में लिए गये निर्णय का अनुमोदन।

विश्वविद्यालय में उपलब्ध करायी गयी उपरोक्त की सूचना के आधार पर निश्चित पी0एच0डी0 सीटों की संख्या पर प्रवेश हेतु कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चय :–12.10 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर चर्चा की गयी एवं की जा रही कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

संलग्नक–03

बिन्दु संख्याः–12.11

नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न पाठयक्रमो का संचालन हेतु MOU निस्पादन किये जाने हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– विश्वविद्यालय तथा नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी द्वारा सामयिक आवश्यकताओं के अनुरूप निम्नानुसार आपसी सहयोग करार कर साझा गतिविधियॉ संचालित करना प्रस्तावित है।

For Sharing common desire to extend and strengthen the functional relationship between Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Dehradun and Nehru Institute of Mountaineering, Uttarkashi.MOU is to be sign between these two organizations .

The purpose of this MOU is to foster collaboration, on the development of mountaineering and geographical information system in India and to facilitate advancement of knowledge on basis of reciprocity, best effort, mutual benefit and frequent interaction , UTU and NIM.

The MOU is proposed to cover the following activities.

a. To establish a close linkage and functional coordination between UTU and NIM
b. Exchange of information on research, training, learning materials
c. Joint organization of the symposium, seminars, conferences, workshops and short-term containing education programs on topics of mutual interest.
d. Joint proposal and engagement in research or training programs.
e. Running 01 year PG Diploma in Mountaineering and Adventure Technology.

MOU तथा प्रस्तावित PG Diploma ड्राफ्ट माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत है। उपरोक्त संबंधित कार्यों के सम्पादन हेतु नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी तथा विश्वविद्यालय के साथ MOU आवश्यकतानुसार परिमार्जन करते हुये सम्पादित करने की कार्यवाही विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संलग्नक–04

विनिश्चय :–12.11 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा उक्त कार्य हेतु विश्वविद्यालय की पहल का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.12

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के Alumni Cell के गठन हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानो से उत्तीर्ण छात्र छात्रायें वर्तमान में देश विदेश की प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानो में कार्यरत है कई छात्र छात्रायें अपना उद्योग स्वयं से संचालित कर प्रदेश एवं देश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं। अतः उनके अनुभवों को संचित करते हुए नई आवश्यकताओं के क्रम में पठन पाठन को सुदृढ करने इत्यादि के लिए विश्वविद्यालय मे Alumni Cell के गठन करने का प्रस्ताव है तथा इस सम्बन्ध में UTU Alumni Association के Regulation का ड्राफ्ट प्रस्ताव भी विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

संलग्नक–05

विनिश्चय :–12.12 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय में एक एल्यूमिनी सेल के गठन एवं इस संबंध में प्रस्तुत UTU Alumni Association Regulation पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.13

ट्रेनिंग एडं प्लेसमेंट सेल (Training and Placement Cell) के गठन हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– रोजगार को बढावा देने के उददेश्य से समस्त संस्थानों एवं विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एडं प्लेसमेंट सेल का गठन किया गया है। साथ ही सभी संबद्ध संस्थानों के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को एक पोर्टल डिजिटल एप के माध्यम से जोडा जायेगा। तदअनुसार पोर्टल व एप के निर्माण कराने हेतु भविष्य में कार्यवाही किये जाने तथा सैल के गठन की सूचना अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चय :–12.13 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा Training and Placement Cell के गठन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। तथा रोजगार की महत्ता के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार सभी संबद्ध संस्थानों से इस संबंध में वित्तीय सहयोग लेने हेतु भी अपने सुझाव दिए।

बिन्दु संख्याः–12.14

IQAC (Internal Quality Assurance Cell) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के गठन तथा इसी प्रकार के प्रकोष्ठ सभी संबद्ध संस्थानों में गठित कराने हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– यू0जी0सी0द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में समस्त संस्थानों की गुणवत्ता के स्तर के सुधार के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर Internal Quality Assurance Cell का गठन निम्नवत् किया जाना प्रस्तावित है:–

- **संरचना**

1. विश्वविद्यालय के कुलपति —अध्यक्ष
2. 08 वरिष्ठ शिक्षक एवं 01 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी —सदस्य
3. मैनेजमेंट/उद्योग/स्थानिय स्तर के 03 बाहय विशेषज्ञ —सदस्य
4. निदेशक IQAC —पदेन सदस्य

- **उददेश्य**

1—विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रदर्शन में सुधार के लिए जागरूक, सुसंगत कार्यवाही के लिए एक गुणवत्ता प्रणाली (Quality System) विकसित करना।

2— Quality Culture एवं Institutional Best Practices के माध्यम से गुणवत्ता वृद्धि (Quality Enhancement) की दिशा में कार्य करना।

- **कार्य प्रणाली**

1—छात्र/अभिभावकों/प्रबंधन से गुणवत्ता संबंधी Feedback प्राप्त करना।
2— Quality Assurance Body (NAAC, NBA,AB) द्वारा जारी निर्धारित प्रारूपों पर Annual Quality Assurance Report तैयार करना।
उपरोक्त अनुसार माननीय सदस्यों से अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।
इसी प्रकार NAAC द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार सभी संबद्ध संस्थानों में IQAC गठित कराये जाने एवं भविष्य में इनके NAAC Accrediatation सम्पन्न कराने का प्रस्ताव है।

उपरोक्त विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

विनिश्चय :—12.14 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्ताव अनुसार IQAC (Internal Quality Assurance Cell) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के गठन हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः—12.15

जी0बी0पी0ई0सी0 घुड़दौडी के वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2022—23 से विश्वविद्यालय के नवीन पाठयचर्या के अनुसार पाठयक्रमों के संपादन हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः— उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सम्बद्ध संस्थान जी0बी0पी0ई0सी0 पौड़ी को विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में स्वायत्ता प्रदान की गयी है वर्तमान में सम्बद्ध संस्थान द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों की अलग पाठ्यचर्या एवं परीक्षा मूल्यांकन प्रणाली भी अपने ढंग से प्रयुक्त की जा रही है। विश्वविद्यालय का यह स्पष्ट मत है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या एवं आर्डिनेन्स आदि में एकरूपता होनी चाहिये जिससे क्रेडिट ट्रॉस्फर आदि में समस्या न हो एवं राष्ट्रीय एंव अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश होने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त डिग्री एवं अंकपत्रों की सार्थकता एक समान मानी जाए।

उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा नवीन पाठ्यचर्या एवं नये आर्डिनेन्स तैयार किये गये हैं अतः जी0बी0पी0ई0सी0 पौड़ी में भी उक्तानुसार एकरूपता लाते हुए पाठ्यचर्या एवं आर्डिनेन्स को

अपनाये जाने हेतु विद्या परिषद से विचारार्थ एवं प्रदत्त अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। पूर्व की भॉति परीक्षा सम्बन्ध कार्य स्वायत्ता के अन्तर्गत संस्थान द्वारा किया जायेगा।

विनिश्चय :–12.15 विद्या परिषद् के सभी माननीय सदस्यों द्वारा एकमत से, यह विचार व्यक्त किया गया कि विभिन्न पाठयक्रमों हेतु विश्वविद्यालय से संबंद्ध सभी संस्थानों के लिए एक ही पाठयचर्या, एक ही मूल्यांकन प्रणाली, एक ही अडिनेन्स एवं सभी नियम समान रूप से सभी के लिए प्रतिबादित एवं स्वीकार होने चाहिए। मा0 सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के उक्त प्रस्ताव पर अपनी सहमति देते हुए सर्व सम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.16

विश्वविद्यालय में ई पुस्तकालय (e library)/Digital Library की स्थापना हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों हेतु e-library/डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है इससे विश्वविद्यालय के अतिरिक्त विश्वविद्यालय से संबद्ध 91 संस्थानो मे अध्धयनरत् लगभग 30,000 हजार छात्र/छात्राये व शिक्षक लाभान्वित होगें। e-library की स्थापना हेतु लगभग 20 लाख रू प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रस्ताव विद्यापरिषद के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चय :–12.16 विद्या परिषद् के मा0 सदस्यों द्वारा e-library/Digital library अनुमोदन प्रदान करने के साथ–साथ विश्वविद्यालय को इस संबंध में सभी संबंद्ध संस्थानों से यथा आवश्यक धनराशि का सहयोग लेने हेतु भी अपने सुझाव दिये गये।

बिन्दु संख्याः–12.17

विश्वविद्यालय में Incubation Centre-UTU Incubation Hub (UTU I-HUB) की स्थापना हेतु अनुमोदन।

प्रस्तावः– विश्वविद्यालय में नवाचार तथा बढ़ाये जाने के दृष्टिगत Incubation Centre के रूप में UTU Incubation Hub स्थापित किया जाना प्रस्तावित है जिस के अन्तर्गत Innovation, Entrepreneurship आदि गतिविधियों को बढावा देने के अतिरिक्त विशविद्यालय में स्थापित जनरल बिपिन रावत डिफेन्स टैक्नोलाजी Incubation center, प्रस्तावित ATAL Incubation center आदि को समाहित किया जा सकेगा इससे छात्र/छात्राओं, फैक्ल्टी व किसी अन्य को अपने Innovative Ideas को मूर्त रूप में लाने के अतिरिक्त आत्म निर्भर उत्तरखण्ड तथा माननीय प्रधानमंत्री जी की आत्म निर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में सहायता मिलेगी। विश्वविद्यालय द्वारा इस हेतु गाईड लाईन बनायी गयी है संबंधित गाईड लाईन/रेगुलेशन विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संलग्नक–06

विनिश्चय :–12.17 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय में Incubation Centre स्थापित करने एवं प्रस्तुत UTU-Incubation Hub(UTU-I HUB) की गाइडलाइनस का प्रस्ताव के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.18

वर्तमान सत्र से प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी का संचालन विश्वविद्यालय कैम्पस कालेज के रूप में संचालन हेतु अनुमोदन।

प्रस्ताव–

01. विश्वविद्यालय द्वारा प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी के संचालन के सम्बंध में प्रस्तुतिकरण निम्नवत है।शासनादेश संख्या 1030/XLI-1/2013-मु0घो0–33/12 दिनांक 23.10.2013 के क्रम में प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी को उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय के रूप में सैद्धाकित रूप से स्थापित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी। प्रश्नगत इंजीनियरिंग संस्थान अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार इलैक्ट्रानिक्स एण्ड कम्प्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सविलि इंजीनियरिंग, एवं इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग, पाठ्यक्रमों में 60–60 प्रवेश क्षमता के साथ कुल 300 सीटों की संख्या के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया था।

साथ ही प्रश्नगत इंजीनियरिंग,संस्थान के संचालन मे आने वाला आवर्तक व्यय उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा अपने संसाधनों से वहन यिकया जायेगा। अवस्थापना सुविधाओं (अनावर्तक व्यय) मे प्रत्येक वर्ष आने वाले व्यय का 50 प्रतिशत उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा एवं 50 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा सहायक अनुदान के रूप में वहन किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

02. उपरोक्त के क्रम में शासन द्वारा उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को निर्माण ईकाई नामित किया गया एवं ततक्रम में उक्त योजना हेतु स्वीकृत लागत रू0 2273.88 लाख के सापेक्ष रू0 775.00 लाख शासकीय एवं रू0 800.00 लाख यू0टी0यू0 अंश सहित कुल धनराशि रू0 1575.00 लाख कार्यदायी संस्था को अवमुक्त किये गये थे जिसके सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया गया साथ ही उक्त संस्थान की स्थापना हेतु क्रय की गयी निजी भूमि के लिये विश्वविद्यालय द्वारा भवन निर्माण के अतिरिक्त रू0 140.00 लाख (रू0 एक करोड़ चालीस लाख) की धनराशि भी वहन की गयी है।

03. उक्त संस्थान में वर्तमान में निर्माण की स्थिति निम्न अनुसार है :–
    01. ब्लॉक प्रथम पूर्ण (2803 वर्ग मीटर)।
    02. ब्लॉक द्वितीय पूर्ण (670 वर्ग मीटर)।
    03. ब्लॉक तृतीय 2046 वर्ग मीटर के नींव कार्य कार्य पूर्ण,भूतल, प्रथम तल में एल0जी0एस0एफ0 का कार्य धनाभाव के कार्य बाधित है।
    04. ब्लॉक चार (2046 वर्ग मीटर) के नींव कार्य कार्य पूर्ण एवं अन्य कार्य बाधित।
    05. ब्लॉक पांच (2475 वर्ग मीटर आर0सी0सी0) अभी आरम्भ नही किया गया है।

मा0 कुलपति, वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून की अध्यक्षता में भौतिक निरीक्षण किया गया। भौतिक निरीक्षण मे यह पाया गया कि सम्बन्धित संस्थान में प्रथम ब्लॉक लगभग 2803 वर्ग मीटर तथा ब्लॉक द्वितीय 670 वर्ग मीटर विगत दो तीन वर्षो से निर्माण कार्य पूर्ण है

। संस्थान संचालन न होने की स्थिति में सम्बन्धित निर्मित भवन में कुछ टूट–फूट हो गयी है जिसक अनुरक्षण कर इन निर्मित भवनों में संस्थान का संचालन किया जा सकता है।

04 :– विश्वविद्यालय के अन्य संघटक संस्थानों का संचालन एवं उनके द्वारा तकनीकी क्षेत्र में वर्तमान मे प्रभावी योगदान न होने के अनुभव के दृष्टिगत उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2005 व संशोधित अधिनियम 2009 की धारा 27 के अनुसार विश्वविद्यालय, राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से किसी विषय में शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य के आयोजन तथा संचालन हेतु एक या एकाधिक संस्थान स्थापित कर सकेगा के व्यवस्था के अन्तर्गत प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी संस्थान को विश्वविद्यालय के कैम्पस संस्थान के रूप में सचांलित किया जाना प्रस्तावित है।

05 :– वर्तमान में कोविड–19 के दृष्टिगत कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में असीम सम्भावनाओं के दृष्टिगत विभिन्न निजी विश्वविद्यालय एवं अन्य इंजीनियरिंग संस्थान कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग तथा Artificial Intelligence के क्षेत्र में पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं।

अतः उपरोक्तानुसार विश्वविद्यालय को कैम्पस संस्थान के रूप में प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी में वर्तमान सत्र से ही निम्न 02 कोर्स संचालित किये जाने प्रस्तावित है :

01- **B.Tech in Computer Science & Engineering - प्रवेश क्षमता – 180**

02- **B.Tech in Computer Science & Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning - प्रवेश क्षमता – 60**

कैम्पस संस्थान के रूप में संचालन किये जाने पर सम्बन्धित पाठयक्रमों हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 से अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी एवं विश्वविद्यालय द्वारा उक्त संस्थान को गुणवत्ता पूर्वक संचालित किया जायेगा। भविष्य मे निर्माण कार्य पूर्ण होने पर औद्योगिक मांग एवं रोजगार की आवश्यकता के दृष्टिगत अन्य पाठयक्रम भी संचालित किये जाने हेतु प्रस्तावित किये जायेगे।

(6) वर्तमान में उक्त संस्थान को संचालन की स्थिति में लाने हेतु फर्नीचर/साज–सज्जा आदि कि नियमानुसार अधिप्राप्ति, बिजली/पानी की व्यवस्था करने एवं वेतन भत्तें आदि के भुगतान हेतु तथा 02 निर्मित भवनों की टूट–फूट को सही करने हेतु लगभग रू0 500.00 लाख (रू0 पांच करोड़ मात्र) की आवश्यकता होगी जिसकी प्रतिपूर्ति छात्रों से प्राप्त होने वाली शुल्क से की जायेगी।

अतः उपरोक्तानुसार प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी को विश्वविद्यालय के कैम्पस संस्थान के रूप में संचलन करने तथा प्रस्तावित 02 पाठयक्रमों को चलाने व अतिरिक्त संबंधित धनराशि के औचित्यपूर्ण व्यय हेतु प्रस्ताव विद्या परिषद के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चय :–12.18 विश्वविद्यालय द्वारा प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी को विश्वविद्यालय कैम्पस कालेज के रूप में संचालन के संबंध में अवगत कराया गया एवं **B.Tech in Computer Science & Engineering - प्रवेश क्षमता – 180 B.Tech in Computer Science & Engineering (Artificial Intelligence and Machine Learning - प्रवेश क्षमता – 60** के साथ– साथ शासन/सरकार से समन्वय स्थापित करते हुए उनके सुझाव के अनुसार अन्य पाठयक्रम भी जिनकी संबंधित क्षेत्र में ज्यादा मांग हो के अनुसार वर्तमान सत्र 2022–23 से संचालित किये जाने एवं भविष्य में BBA,BCA,B.Sc (IT) and B.Sc (CS) आदि पाठयक्रमों के संचालन हेतु विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.19

विश्वविद्यालय में NBA/NAAC Cell के गठन हेतु अनुमोदन।

प्रस्ताव– विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में एआईसीटीई के प्राविधानानुसार विभिन्न पाठयक्रमों का 2024 तक NBA Accreditation प्राप्त किया जाना आवश्यक है इसके अतिरिक्त यू0जी0सी0 एवं अन्य नियामक संस्थानों से विभिन्न अनुदान प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध संस्थानों का NAAC/NBA accreditation आवश्यकता के क्रम में विश्वविद्यालय में Accreditation Cell का गठन सभी संबद्ध संस्थानों को सहयोग तथा मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु किया जाना आवश्यक है। उक्त क्रम मे विश्वविद्यालय में Accreditation Cell के गठन का प्रस्ताव विद्या परिषद के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चय :–12.19 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय में Accreditation Cell के गठन के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.20

विभिन्न विशिष्ट तथा सम्मानित सदस्यों के नाम मैधावी छात्र–छात्राओं को मैडल दिए जाने एवं छात्रवृत्ति दिए जाने हेतु विश्वविद्यालय में एक Endowment Fund की स्थापना एवं उससे अर्जित ब्याज से Sponsored Medal संस्थित किये जाने पर अनुमोदन।

प्रस्तावः– विभिन्न संस्थाओं विशिष्ट तथा सम्मानित सदस्यों के नाम से संस्थित मेधावी छात्र–छात्राओं को मैडल दिए जाने एवं छात्रवृत्ति दिए जाने हेतु विश्वविद्यालय में एक Endowment Fund की स्थापना एवं उसे अर्जित ब्याज से मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति तथा गोल्ड मैडल दिया जाना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय द्वारा इस हेतु विश्वविद्यालय एवं संबंधितों जिसको Donor कहा जायेगा के मध्य 01 MOU निष्पादित किया जायेगा जिसमें Donor संबंधित कार्यो हेतु Endowment Fund के रूप में 5 लाख रूपये अथवा तद्समय निर्धारित धनराशि विश्वविद्यालय को दिया जायेगा तथा संबंधित Fund के संचालन हेत Endowment Fund Management Committee का गठन किया जायेगा। विद्या परिषद से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार संलग्न MOU का प्रारूप तथा संबंधित कार्यो पर विचार कर अनुमोदन प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नक–07

विनिश्चय :–12.20 प्रस्तावित प्रस्ताव पर विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय में Sponsored Medal तथा Sponsored Scholorship संस्थित करने एवं इस हेतु प्रस्तुत MOU के ड्राफ्ट पर अनुमोदन प्रदान करने के साथ–साथ निर्धन/अन्य सभी वर्गो हेतु सरकार एवं अन्य संस्थाओं द्वारा चलायी जा रही योजना एवं इस संबंध में किये जा रहे प्रयासों को कियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय को अपनी अग्रणी भूमिका के निर्वहन के लिए सुझाव दिए गये।

बिन्दु संख्याः–12.21

Graduate exit survey प्रारम्भ करना।

प्रस्तावः– विश्वविद्यालय एवं संम्बद्ध संस्थानों से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के फीड बैक प्राप्त करने के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा Graduate exit survey प्रारम्भ किया गया है तथा प्राप्त सुझावों का नियमानुसार कियान्वयन प्रस्तावित है कृत कार्यवाही अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चय :–12.21 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा Graduate exit survey किये जाने की कार्यवाही एवं इसके द्वारा प्राप्त फीडबैक के अनुसार आगामी कार्ययोजना तैयार करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.22

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों के गुणात्मक सुधार हेतु फीड बैक प्रणाली स्थापित करने का अनुमोदन।

प्रस्ताव– विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यों में उत्कृष्टता एवं पारदर्शिता लाने के क्रम में फीड बैक प्रणाली स्थापित करने के उददेश्य से Parent Feedback Form, Employer/Recruiter Survey Feedback Form, Teacher's Feed Back Form, Parent Feedback on curriculum, Feedback form for Teacher Evaluation by student, आदि तैयार किये गये हैं। संबंधित Feedback Forms के प्रारूप विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

संलग्नक–08 से 12

विनिश्चय :–12.22 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के सभी संस्थानों में फीडबैक प्रणाली स्थापित करने एवं प्रस्तुत फीडबैक फार्म के प्रारूपों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.23

विश्वविद्यालय में BBA,BCA,B.Sc (IT) and B.Sc (CS) के संचालन पर विचार।

प्रस्ताव– विश्वविद्यालय में वर्तमान में MBA, MCA पी0जी0 पाठयक्रम संचालित है लेकिन इनसे संबंधित यू0जी0 पाठयक्रम जैसे BBA,BCA, आदि संचालित नहीं हैं। इसके अतिरिक्त बी0एस0सी (सूचना प्रौद्योगिकी) तथा बी0एस0सी (कम्प्यूटर साइंस) पाठयक्रम भी तकनीकी पाठयक्रमों से संबंधित है। अतः BBA,BCA,B.Sc (IT) and

B.Sc (CS) पाठ्यक्रमों का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाना प्रस्तावित है जिससे यू0जी0 एवं पी0जी0 पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या आपस में सामाजस्य के साथ–साथ पूर्व से उपलब्ध अवस्थापना सुविधाओं का मानकों के अनुसार उचित उपयोग किया जा सके। तकनीकी विश्वविद्यालय होने के क्रम में संबंधित तकनीकी पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये जाने के लिए विद्या परिषद के समक्ष प्रस्ताव विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। अनुमोदन की अवस्था में संबंधित प्रस्ताव कार्य परिषद के समक्ष रखा जायेगा एवं नियमानुसार परिनियमावली एवं अधिनियम आदि में संशोधन की आवश्यकता के क्रम में आवश्यक संशोधन किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

विनिश्चय :–12.23 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन के साथ–साथ इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में की जाने वाली सभी आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर अपना अग्रिम अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.24

विश्वविद्यालय द्वारा Online Certificate Programme संचालित करने का प्रस्ताव।

प्रस्तावः– विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2022–23 से वर्तमान में संचालित सभी पाठ्यक्रमों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की भावना के अनुरूप Choice Based Credit प्रणाली के आलोक में परिमार्जित किया गया है जिसमें वर्तमान औद्योगिक व तकनीकी आवश्यकताओं तथा भविष्य की सम्भावनाओं के दृष्टिगत पाठ्यक्रम व पाठ्यचर्या निर्मित की गई है। इससे नव प्रवेशित छात्रों के पाठ्यक्रमों में गुणवत्ता संवर्द्धन होगा जो उनके द्वारा पाठ्यक्रम अवधि के उपरान्त परिलक्षित होगा। परन्तु वर्तमान में विश्वविद्यालय के सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के पाठ्यक्रम में गुणवत्ता संवर्द्धन की नितान्त आवश्यकता है ताकि उन्हें तात्कालिक औद्योगिक व तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाया जा सके।

उपरोक्त के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में पूर्व से अध्ययनरत छात्रों हेतु नये पाठ्यक्रमों में प्रस्तावित माइनर की व्यवस्था अनुसार रोजगारपरक विषयों का अध्ययन–अध्यापन ऑनलाइन/ऑफलाइन कराया जाना प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा चिन्हित बृहद Specialization यथा– Data Science, IOT, Machine Learning, Robotics, Automation आदि में चिन्हित पांच (5) विषयों को अध्यापित करा के विश्वविद्यालय स्तर से परीक्षा लेने के उपरान्त प्रमाण पत्र दिया जा सकता है। इससे विभिन्न कोर इंजीनियरिंग विधाओं व अन्य पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को

अपने नियमित अध्यापन कार्यक्रम के साथ विशिष्ट योग्यता धारण (Specialization) करने का प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा लेकर दिया जायेगा जिससे वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों की Computer, IT Automation, Cyber आदि क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर खुलेंगे।

उक्त हेतु विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन/ऑफलाइन आधार पर विशिष्ट योग्यता प्रमाणीकरण हेतु कक्षाओं के संचालन का कार्यक्रम चुनिंदा सम्बद्ध संस्थानों में उनकी क्षमता के अनुसार किया जा सकता है। ऐसी कक्षाएं रविवार अथवा अवकाश दिनों में निर्धारित अध्ययन केन्द्रों द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार (30–50 घंटे) ऑनलाइन/ऑफलाइन मोड में संचालित की जायेगी। इस हेतु अनुमन्य शुल्क व पाठ्यक्रम का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

अंत में विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययनरत केन्द्रों द्वारा अध्यापित छात्रों को प्रमाण पत्र देने हेतु ऑनलाइन परीक्षा लेकर छात्रों की विशिष्ट योग्यता प्रमाणीकरण किया जायेगा।

उपरोक्तनुसार विश्वविद्यालय में Online Certificate Programme संचालित करने हेतु प्रस्ताव विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

विनिश्चय :–12.24 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत Online Certificate Programme के संचालन पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–12.25

टी0एच0डी0सी0–आई0एच0ई0टी0 के संचालन के संबंध में।

प्रस्तावः– दिनांक 01 सितम्बर 2022 को श्री विजय बहुगुणा, डिप्टी जनरल मैनेजर (इलैक्ट्रिकल) टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लि0 द्वारा कुलपति महोदय को दूरभाष (892317490) से अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय और टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लि0 के मध्य हुए समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) के तहत टी0एच0डी0सी0 इंजीनियरिंग संस्थान का संचालन किया जाना चाहिए। इस संबंध में विश्वविद्यालय और टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लि0 के बीच दिनांक 10–05–2011 को हुए हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के बिन्दु संख्या–2A,B के प्रावधान निम्नवत हैं। एम0ओ0यू0 की प्रति सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है।

2- Rule and Responsibilities

(a) The institute will be run by the UTU as a constituent College of the University/Institute of UTU and no financial liability shall devolve on THDCIL.

(b) UTU shall run the Institute in self finance mode and shall meet all recurring expenses incurred on staff remuneration, purchase of consumables R&M of facilities etc.

प्रस्तावित है कि सन्दर्भित संस्थान को विश्वविद्यालय व टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लि0 के मध्य हुए एम0ओ0यू0 के प्रावधानों के अन्तर्गत संचालित करने पर विचार कर इसे Institute of UTU (इस्टीट्यूट ऑफ उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय) के रूप में पूनर्गठित करने की कार्यवाही पर विचार कर अनुमोदन प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नक–13

विनिश्चय :–12.25 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा एम0ओ0यू0 के अनुसार संस्थान को Institute of UTU (इस्टीट्यूट ऑफ उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय) अर्थात विश्वविद्यालय के कैम्पस कालेज के रूप में संचालित किये जाने पर सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया।

इति, बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(आर0पी0 गुप्ता)
कुलसचिव

(डा0 ओंकार सिंह)
कुलपति

संलग्नक—01

दिनांक 30.04.2022 को वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून की सम्पन्न हुई "विद्या परिषद" की 11वीं बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 30.04.2022 को मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय, देहरादून के कॉन्फ्रेन्स हाल में विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 11वीं बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नॉकित मा0 सदस्यगण एवं अन्य आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे।

(क) कुलपति, वीर माधो सिंह उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, —अध्यक्ष।
(ख) विश्वविद्यालय के ऐसे पांच प्राचार्य जो कार्यपरिषद् के सदस्य न हो:
(2) डॉ0 आर0पी0एस0 गंगवार, निदेशक डब्लू.आई.टी.। —सदस्य
(3) डॉ0 सतेन्द्र सिंह, निदेशक,बी0टी0के0आई0टी0 द्वाराहाट । (online) —सदस्य
(4) डॉ हरप्रीत सिंह ग्रेवाल निदेशक,डी.बी.एस. कालेज देहरादून। —सदस्य
(5) डॉ0 अमित बन्सल, निदेशक जे.बी.आई.टी कालेज देहरादून। —सदस्य
(6) डॉ0 अभय कुमार शर्मा, निदेशक बी.आई.एस भीमताल । (online) —सदस्य
(घ) गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति द्वारा नाम निर्दिष्ट उस विश्वविद्यालय का एक विभागाध्यक्ष।
(7) डॉ0 अलक नन्दा अशोक, डीन कालेज ऑफ टेक्नॉलोजी पन्तनगर --सदस्य
(ड) कुलसचिव उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। --पदेन सचिव
(अ) परीक्षा नियंत्रक, तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून। — आंमत्रित सदस्य
(ब) वित्त नियंत्रक, तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून। — आंमत्रित सदस्य
(स) श्री सुनील कुमार , परीक्षा विभाग। -- आंमत्रित सदस्य
(द) डॉ0 विशाल रमोला, तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून। — आंमत्रित सदस्य

सर्वप्रथम बैठक प्रारम्भ करने से पूर्व कुलसचिव द्वारा विद्या परिषद् के नामित सदस्यों का स्वागत किया गया। मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षिक, प्रशासनिक गतिविधियों इत्यादि पर संक्षेप में बताया गया तथा पूर्व में आने वाली समस्याओं, उनके निदान एवं भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया। कुलसचिव द्वारा दिनांक 25—02—2021 को सम्पन्न हुई 10 वीं बैठक के एजेण्डा पर कृत कार्यवाही से मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया। तद्पोरान्त मा0 सदस्यों के समक्ष एजेण्डा प्रस्तुत किया गया, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:—

बिन्दु सं0—11.01

(क) विद्या परिषद की 10वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया ।

(ख) विद्या परिषद की दिनांक 25—02—2021 को संपन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में कृत कार्यवाही की सूचना दी गयी। कृत कार्यवाही पर मा0 सदस्यों द्वारा सतोष व्यक्त किया गया ।

बिन्दु संख्या:—11.02

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह के आयोजन का अनुमोदन।

प्रस्तावः— मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदय द्वारा दिनांक 13 मई 2022 को विश्वविद्यालय का छठवॉ दीक्षांत समारोह आयोजित करने हेतु अनुमति प्रदान की गई है। तत्क्रम में निम्नानुसार प्रस्तावित है।

(1) विश्वविद्यालय के ओडिटोरियम में दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु मा0 सदस्यों की सहमति प्रार्थनीय है।

(2) विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण सभी यू.जी./पी.जी. उपाधि धारकों को सत्र 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–2020 एवं 2020–2021 की उपाधियां तथा वर्ष 2017 से वर्ष 31 मार्च 2022 तक के पी.एच.डी. धारकों को पी.एच.डी. की उपाधि दिये जाने का प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

(3) उक्त दीक्षांत समारोह में आमंत्रित सदस्यों का सूक्ष्म विवरण, माननीय सदस्यों के अवलोनार्थ/अनुमोदनार्थ।

(4) दीक्षांत समारोह का क्षण–प्रतिक्षण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चय :–11.02 विद्या परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः–11.03

